# बिहार सरकार
# शिक्षा विभाग

## कार्यालय– प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, महेन्द्रू, पटना

**प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, महेन्द्रू पटना में दो वर्षीय एवं सेवाकालीन प्रशिक्षण डिप्लोमा इन इलिमेन्ट्री एजुकेशन कोर्स सत्र 2017–2019 में पुरूष एवं महिला अभ्यर्थी का नामांकन हेतु विज्ञापन**

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, महेन्द्रू में अकादमिक सत्र 2017–2019 के लिए दो वर्षीय प्रशिक्षण (डिप्लोमा इन इलिमेन्ट्री एजुकेशन) में नामांकन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। नामांकन हेतु उपलब्ध सोटों की संख्या 150 है।

**<u>नामांकन हेतु आर्हता</u>**

1. नामांकन कुल स्वीकृत 150 (सौ) सीटों पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) से कक्षा– I से V में उत्तीर्ण अप्रशिक्षित अभ्यर्थियों से 75 सीटों पर तथा VI से VIII में उत्तीर्ण अप्रशिक्षित अभ्यार्थियों में से शेष 75 सीट पर किया जायेगा।

2. दोनों श्रेणियों के सीटों के विरूद्व नामांकन हेतु चयन का आधार अपने श्रेणी के शिक्षक का नामांकन हेतु मेघा सूची का निर्माण राज्य सरकार द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा टी.ई.टी. में प्राप्त अंको के प्रतिशत के आधार पर किया जायेगा। मेघा सूची का निर्माण दानों श्रेणियों में कोटिवार किया जायेगा। समान श्रेणी के नामांकन में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण एवं शिक्षक के रूप में नियुक्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। समान श्रेणी में अंकों का प्रतिशत समान रहने की स्थिति में अधिक उम्र वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

3. दोनों श्रेणी के लिए निर्धारित सीटों में से किसी भी श्रेणी में सीट रिक्त रहने की स्थिति में रिक्त रह गये सीटों के विरूद्ध दूसरी श्रेणी के अभ्यर्थियों का नामांकन किया जाएगा।

4. अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 1ली जनवरी 2017 को 17 वर्ष होगी। विभागीय संकल्प के ज्ञापांक–914 दिनांक 16.12.2013 के आलोक में अधिकतम उम्र सीमा का बंधेज समाप्त कर दिया गया है।

5. स्वीकृत कुल सीट का **3** (तीन) प्रतिशत दिव्यांग अभ्यर्थी एवं **10** (दस) प्रतिशत सीट उर्दू विषय के अभ्यार्थियों के लिए आरक्षित है।

6. नामांकन में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों का अनुपालन किया जाएगा।

डी.एल.एड. कोर्स में नामांकन हेतु सरकार द्वारा निर्धारित शर्तें एवं आधार सभी पूर्ववत् रहेगी। साथ ही इस निदेशालय के पत्रांक–658 दिनांक 09.11.2015 के आलोक में सत्र 2017–19 में भी नामांकन लेने वाले अप्रशिक्षित नियोजित शिक्षकों को सवैतनिक अवकाश प्रदान करने संबंधी निर्धारित सभी मापदंड यथावत लागू होंगे। इसके अतिरिक्त निदेशालीय पत्रांक 488 दिनांक 29.07.2015 द्वारा मेद्या सूची निर्माण संबंधी प्रेषित निदेश का भी नामांकन में अनुपालन किया जायेगा।

**नामांकन शुल्कः–**

चयनित अभ्यर्थियों को नामांकन के समय 11500 (ग्यारह हजार पाँच सौ) रूपये की राशि ड्राफ्ट, के रूप में ली जाएगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त के लिए यह राशि 7000 (सात हजार) रूपये होगी। यह राशि मासिक भोजन एवं आवास शुल्क छोड़कर है।

**आवदन–पत्रः–**

नामांकन के लिए राज्य के अर्हताधारी महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी 11.05.2017 तक विहित प्रपत्र में हस्तलिखित/टंकित/मुद्रित/कम्प्यूटरीकृत आवेदन–पत्र सभी वांछित अनुलग्नकों के साथ निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट से ही **प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, महेन्द्रू, पटना–800006** के पते पर भेजेंगे। साधारण डाक/कुरियर/हाथों–हाथ आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र का प्रारूप संस्थान के वेबसाईट www.ptecmahendru.com से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा संस्थान एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**आवेदन के साथ निम्नांकित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगाः–**

1. प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, महेन्द्रू, पटना के पदनाम से 100/– (एक सौ) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जो किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एवं पटना में भुगतेय होना चाहिए। उक्त बैंक ड्राफ्ट की राशि भविष्य में वापस नहीं की जा सकेगी। किसी भी परिस्थिति में पोस्टल आर्डर मान्य नहीं होगा।

2. मैट्रिक/इण्टर/स्नातक का अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।

3. शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) से कक्षा– I से V में (प्रथम पत्र)/कक्षा–VI से VIII (द्वितीय पत्र) उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र, प्रवेश पत्र, नियोजन संबंधी पत्र की स्व– अभिप्रमाणित छायाप्रति।

4. सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण–पत्र एवं आरक्षित कोटि के लिए जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की स्व– अभिप्रमाणित छायाप्रति।

आवेदन पत्र के साथ उपर्युक्त 1, 2, 3 एवं 4 से संबंधित, कागजात संलग्न नहीं रहने पर आवेदन पत्र रद्द कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर मोटे अक्षरों में "D.El.Ed. (सत्र–2017–19) **दो वर्षीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन**'' लिखना अनिवार्य होगा। नामांकन हेतु प्रकाशित विज्ञापन को रद्द/संशोधित/स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। आवेदन पत्र प्रशिक्षण संस्थान के कार्यालय में निबंधित/स्पीड पोस्ट द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि **11.05.2017** होगी।

विभागीय निदेशानुसार निम्न कैलेन्डर के अनुसार प्रशिक्षण महाविद्यालय में नामांकन कार्य सुनिश्चित किये जाएगें:–

1. अभ्यर्थी अपने मोबाईल नं./ई–मेल नं. आवेदन पत्र पर अनिवार्य रूप से अंकित करें।
2. डाक द्वारा आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथिः– 11.05.2017 तक
3. वृहत् मेघा सूची का निर्माण एवं नमांकन समिति की बैठक का आयोजनः–16.05.2017 तक
4. वृहत् मेघा सूची (सीट से दस गुणा) का प्रकाशन (संस्थान के सूचना पट्ट पर):– 18.05.2017 तक

5. मेघा सूची पर अभ्यर्थी द्वारा आपत्ति प्राप्त करना :– 30.05.2017 तक

6. प्राप्त आपत्ति के निराकरण के उपरान्त अंतिम मेघा सूची (सीट के अनुसार अभ्यार्थियों को सूची) एवं कोटिवार/विषयवार सम्पूर्ण प्रतीक्षक सूची का प्रकाशन (महाविद्यालय के वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर) :– 06.06.2017 तक

7. नामांकन हेतु सूचना–प्रेषण (दूरभाष/ई–मेल/वेबसाइट/सूचनापट्ट द्वारा):–
08.06.2017 तक

8. नामांकन (प्रथम सूची एवं तदुपरांत प्रतीक्षक सूची दोनों के आधार पर)
13–24 जून 2017 तक

9. नामांकन प्रक्रिया बंद दिनांक 25.06.2017 तक

10. कक्षा संचालन की तैयारी (परिचय पत्र, निबंधन) प्रशिक्षण महाविद्यालय के शिक्षक एवं वरीय सत्र के छात्रों से पारस्परिक विचार–विमर्श इत्यादि। 28 जून से 30 जून 2017 तक

11. शिक्षण कार्य प्रारंभ करना दिनांक 01.07.2017 से।

एक बार नामांकित अभ्यर्थी का नामांकन शुल्क किसी भी परिस्थिति में, वापस नहीं किया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी वर्णित शर्तों के आलोक में आवेदन पत्र प्रेषित करें।

प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
महेन्द्रू, पटना।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों तथा पाथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय डिप्लोमा इन इलिमेन्ट्री एजुकेशन पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु आवेदन का प्रपत्र, सत्र 2017–19

(मात्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से)

1. प्रशिक्षण संस्थान का नाम जहाँ आवेदन दिया जा रहा है ................................................

2. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में):–.......................................................................................

   (अंग्रेजी में):–...............................................................................................................

आवेदक का स्व–अभिप्रमाणित फोटो

3. पिता/पति का नाम (हिन्दी में):–...................................................................................

4. माता का नाम (हिन्दी में):–...........................................................................................

5. स्थायी पता (आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे)।

   (क) ग्राम/नगर ................................................ (ख) मुहल्ला ..................................................

   (ग) डाकघर ............................................... (घ) जिला............................... (ङ) पिन कोड.........................

6. वर्तमान पत्राचार का पताः–

   (क) ग्राम/नगर ................................................ (ख) मुहल्ला ..................................................

   (ग) डाकघर ............................................... (घ) जिला............................... (ङ) पिन कोड.........................

7. जन्म तिथिः– दिन ........................ महीना ........................ वर्ष ........................

   (1 जनवरी 2017 का उम्र) :– ........................

8. जाति कोटिः–(सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति)
   (जो लागू नहीं हो उसे काट दें तथा सामान्य कोटि का छोड़कर शेष कोटि के अभ्यर्थी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करेंगे।)

9. यदि निःशक्त हों तो उसका प्रकार..........................................(दृष्टि बाधित/श्रवण/अस्थि जन्य)

   (जो) लागू नहीं हो उसे काट दें। इस कोटि में आने पर जिला असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी अथवा उनके द्वारा गठित बोर्ड से प्रदत पमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। इस कोटि में वे ही आवेदक हो सकते हैं जिनकी निःशक्तता कम से कम 40 प्रतिशत होगी।

10. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| परीक्षा का नाम | संकाय (कला/विज्ञान/वाणिज्य) | विद्यालय/संस्थान का नाम | बोर्ड/विश्व–विद्यालय का नाम | उत्तीर्णता का वर्ष | रौल कोड | क्रमांक | परीक्षा का पूर्णाक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

11. राज्य सरकार द्वारा आयोजित वर्ग 1 से 5 एवं वर्ग 6 से 8 हेतु शिक्षक पात्रता परिक्षा (TET) में प्राप्तांक को विवरणीः–

| TET परीक्षा का विवरण | TET परीक्षा का वर्ष | TET का रौल नम्बर | TET में प्राप्तांक | TET में प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कक्षा– I से V | | | | |
| कक्षा–VI से VIII | | | | |

12. नियोजित विद्यालय का नामः– ............................................. प्रखण्ड ........................ जिला .................

13. इंटर परीक्षा का संकाय .................................... (कला/विज्ञान/वाणिज्य)

14. क्या उर्दू भाषा के लिए आरक्षित कोटि हेतु आवदन किया जा रहा है? .....................

15. सम्पर्क फोन/मोबाईल नम्बर ............................................................

16. ई–मेल ...................................................................................................

17. अनुलग्नकों का विवरण :–

1. ................................................................................ 2. ................................................................................

3. ................................................................................ 4. ................................................................................

5. ................................................................................ 6. ................................................................................

स्थान :– .................................. ........................................

दिनांक :– .............................. आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं तिथि

..........................................................................................................................................................................

## **घोषणा**

मैं.............................................................................पिता/पति.................................................घोषणा करता/करती हूँ की आवदन पत्र की सभी प्रविष्टियाँ मेरे द्वारा सही–सही भरा गया है तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी अंक पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति सही है। उपर्युक्त सूचना गलत पाए जाने पर मेरा नामांकन रद्द करते हुए जा भी कानूनी कार्रवाई मेरे ऊपर की जाएगी वह मुझे मान्य होगा।

स्थान ........................

दिनांक ...................... ........................................

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर एवं तिथि

**नोटः** 1. I से V या VI से VIII जिसमें नियोजित हों TET का उसी पेपर का अंक आवेदन फार्म में अंकित करेंगे।

2. उम्र से संबंधित प्रमाण पत्र/योग्यता से संबंधित पमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं आरक्षण कोटि में आने पर जाति प्रमाण–पत्र/निःशक्तता के प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करनो होगी।

3. आवेदन के साथ किसी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी 100 रूपये (एक सौ रूपये) का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, महेन्द्रू, पटना के पदनाम से बनेगा एवं पटना के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतेय होगा।

4. अप्रशिक्षित शिक्षक द्वारा विद्यालय में नियोजन संबंधी प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।

# निम्नलिखित समाचार पत्रों में दिनांक–23.04.2017 को प्रकाशन हेतु ज्ञापांक–684 दिनांक–22.04.2017 द्वारा निर्गमादेश।

HINDUSTAN, PATNA
SANMARGE, PATNA
Q T, PATNA